# भीलवाड़ा तेयुप द्वारा आयोजित एक दिन की संसद में उठी आवाज

अंकुर बोरदिया ( मिडिया प्रभारी)

भीलवाड़ा । तेरापंथ धर्म संघ के दसवें आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी को उनके द्वारा देश को दिये गये अवदानों व देश के नवनिर्माण के प्रयासों के आधार पर भारत रत्न सम्मान प्रदान किया जाना चाहियें। यह मांग तेरापंथ युवक परिषद, भीलवाड़ा द्वारा शासन श्री साध्वी श्री नगीना जी के सानिध्य में आयोजित एक दिन की संसद में लालकृष्ण आडवानी की भूमिका निभा रहे तेरापंथ युवक परिषद् के अंकुर बोरदिया ने की। इस पर सत्ता पक्ष में पी.चिदंबरम की भूमिका निभा रहे नवीन वागरेचा ने अपने तर्क रखे। इस पर बोरदिया ने कहां कि आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने देश में अहिंसा व शान्ति की स्थापना के जो प्रयास किये है वह अभूतपूर्व है। उन्होने देश भर में अंहिसा यात्रा के माध्यम से शान्ति व अंहिसा का संदेश देकर देश को नई दिशा प्रदान की हैं। अतः आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी जैसे महान तपस्वी, महायोगी व आध्यात्म पुरूष को देश का यह सर्वोच्च सम्मान मिलने के साथ साथ उनके द्वारा निकाली गई अंहिसा यात्रा को ऐतिहासिक घोषित कर इतिहास में दर्ज किया जायें।

विपक्षी सांसदों की ओर से आचार्य श्री भिक्षु के समाधि स्थल सिरियारी को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग भी उठाई गयी साथ ही प्रश्नकाल के दौरान सांसदों ने कन्याभ्रुण हत्या, व्यसन मुक्ति, भ्रष्टाचार, भुखमरी व गरीबी के साथ साथ जैन समाज को अल्पसंख्यक घोषित करने जैसे विषयों पर भी प्रश्न उठाया गया। सदन में शोर शराबें के बीच सत्ता पक्ष के मंत्रियों ने विपक्ष के प्रश्नों का तर्को के साथ जवाब दिया। भ्रष्टाचार के मुददे पर विपक्ष ने सदन से वाक आउट भी किया। सदन में संवत्सरी को अंहिसा दिवस घोषित करने व प्रेक्षा ध्यान, जीवन विज्ञान को देश भर के शिक्षण संस्थानों में पाठयक्रम में लागू करने के प्रस्ताव सर्व सम्मती से पारित किये गये।

कार्यक्रम में संसद के मॉडल का भव्य रूप में निर्माण किया गया। संसद के संयुक्त सत्र की शुरूआत राष्ट्रपति की भुमिका में उपस्थित सुनिल दक ने अभिभाषण के साथ की। सदन में सत्ता पक्ष में सोनिया गांधी के रूप में श्रीमती चन्दा बाबेल, मनमोहन सिंह के रूप में अशोक सिंघवी, पी. चिदम्बरम नवीन वागरेचा, कपिल सिब्बल दिलीप रांका, शरद पंवार ललित दुग्गड़, सी. पी. जोशी दिनेश कोठारी, गिरीजा व्यास स्नेहलता पितलिया, अम्बिका सोनी नीलम लोढ़ा, राहुल गांधी राकेश रांका व सलमान खुर्शीद के रूप में महावीर भलावत